मध्यप्रदेश विधान सभा

अक्टूबर-दिसम्बर, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 13 नवम्बर, 2000 (कार्तिक 22,1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची मे सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री हरवंश सिंह, वन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड का 24 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखे वर्ष 1998-99 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री के.पी. सिंह, ग्रामोद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम लिमिटेड, भोपाल का पन्द्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा दिनांक 31 मार्च, 1996 को समाप्त वर्ष के लिए पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री पी.सी. शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, सदस्य, मध्यप्रदेश राज्य के विभाजन के फलस्वरूप नव गठित छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कर्मचारियों का बंटवारा मार्गदर्शी सिद्धान्त के अनुरूप न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री सामान्य प्रशासन का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री भूपेन्द्र सिंह, लक्ष्मीकांत शर्मा, बाबूलाल गौर, सदस्य, सागर स्थित विशेष सशस्त्र बल की बटालियन को जबरिया नये छत्तीसगढ़ राज्य में भेजे जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री इंद्रजीत कुमार, आवास और पर्यावरण मंत्री, मध्यप्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व विधेयक, 2000 (क्रमांक 28 सन् 2000) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

निर्धारित समय 2 घन्टे

(2) श्री बाला बच्चन, राज्यमंत्री सार्वजनिक उपक्रम, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश सार्वजनिक उपक्रमो के कर्मचारियों का लोक सेवा में संविलयन प्रतिषेध विधेयक, 2000 (क्रमांक 27 सन् 2000) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

5. प्रतिवेदनों पर चर्चा

3 घन्टे

मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98 एवं 1998-99, लोक आयुक्त संगठन का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98 एवं 1998-99 व्याख्यात्मक ज्ञापन तथा मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त के सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन के अंग्रेजी अंश का हिन्दी रूपान्तर पर चर्चा.

भोपाल :
दिनांक : 12 नवम्बर, 2000

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.